प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 24.12.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में लखनऊ में अटल युवा महाकुंभ और अटल स्वास्थ्य मेले का किया शुभारंभ।
2. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ में 662 करोड़ रुपये की लागत से 181 परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास : कहा– पूरे देश के लिए प्रेरणा स्रोत है अटल जी का जीवन।
3. केंद्र सरकार ने 15वें वित्त आयोग अनुदान के तहत उत्तर प्रदेश के ग्रामीण विकास के लिए एक हजार 598 करोड़ रुपये से अधिक की राशि की जारी। और
4. पश्चिमी विक्षोभ के कारण आज प्रदेश में सुबह से रूक–रूक कर हुई बारिश से बढ़ी ठंड : मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के लिए जारी किया घने कोहरे का येलो अलर्ट।

———————

रक्षा मंत्री और लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में अटल

युवा महाकुम्भ का शुभारंभ किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अटल जी के अद्वितीय व्यक्तित्व और उनके साथ जुड़ी स्मृतियों को साझा किया। बाइट...... राजनाथ सिंह

*अटल बिहारी वाजपेयी जी के व्यक्तित्व और कर्तृत्व से मैं समझता हूँ भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के देशों के बहुत सारे लोग अच्छी तरह से परिचित है। हम लोग जानते हैं की जहाँ पर वो एक विलक्षण प्रतिभा थी वहीं पर एक अदभुत सरलता उनके व्यक्तित्व में स्वाभाविक रूप से हम सबको देखने को मिलती थी।*

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कुम्भ भारत की पहचान है। सनातन और आध्यात्मिक ऊर्जा की अनुभूति का समागम है, उस महा समागम का जो दृश्य 13 जनवरी से 26 फरवरी तक प्रयागराज में दिखेगा, उसकी झांकी आज यहां देखने को मिल रही है। बाइट.....

*हम सब जानते हैं कुंभ भारत की पहचान है भारत की स्नातक है। आध्यात्मिक ऊर्जा की अनुभूति का समागम है और उस महासमागम का एक दृश्य जो हमें तेरह जनवरी से छब्बीस फरवरी में प्रयागराज की धरती में देखने को मिलेगा उसकी एक झांकी आज यहाँ पर प्रशासन के साथ मिलकर के यहाँ के लोकप्रिय जनप्रतिनिधियों ने माननीय रक्षा मंत्री जी के सामने दिया है।*

——————————

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आज दो दिवसीय अटल स्वास्थ्य मेले का उद्घाटन लखनऊ के दिलकुशा लॉन में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने

**किया। लखनऊ में 662 करोड़ रुपये की लागत से 181 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अटल जी से जुड़े संस्मरण भी सुनाए। रक्षा मंत्री ने कहा कि अटल जी ने प्रधानमंत्री रहते हुए स्वास्थ्य के क्षेत्र में अनेक योजनाएं शुरू कीं। बाइट.....**

*स्वास्थ्य ही सबसे बड़ी पूंजी है। स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धर्म है। इसलिए पर अटल बिहारी वाजपेयी जी के शासन काल में स्वास्थ्य मेलाओं का जो सिलसिला प्रारंभ हुआ है। सतत स्वास्थ्य मेलाओं का यह सिलसिला अब भी चल रहा है और स्थान स्थान पर राज्य सरकारें अपने सहयोग से इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित कर रही है।*

**कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अटल जी ने पं. दीनदयाल उपाध्याय की अन्त्योदय परिकल्पना को साकार किया।**

**बाइट...... सीएम योगी**

*उन्होंने देश को न केवल राजनीतिक स्थिरता दी, बल्कि देश के अंदर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अन्त्योदय की परिकल्पना को कैसे साकार किया जाना है। इन भाव व्यावहारिक धरातल पर उतारने का कार्य भी किया।*

————————

**दो दिवसीय अटल स्वास्थ्य मेले में हजारों लोग स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा रहे हैं। मेले में आयुष्मान कार्ड, मातृवंदना योजना और टीबी मुक्त भारत अभियान के प्रति जागरूकता फैलाई जा रही है। लखनऊ के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि**

मेले में पहली बार बच्चों के दिल से जुड़ी समस्याओं का भी परीक्षण किया जा रहा है। बाइट.....

*इस बार हम लोग कुछ नया करा रहे हैं।इसमें ऑर्गन डोनेशन जिसे आई डोनेट करना चाहे, लीवर डोनेट करना चाहे। इसका भी हम लोग जागरूकता के लिए और जो लोग देना चाहेंगे उनके लिए भी हम लोग एक स्टॉल लगवा रहे हैं। इसी के साथ जो गरीब बच्चे जिनके दिल में छेद होते हैं, उनका इलाज में ढाई, तीन लाख चार लाख रुपये करीब आता है, तो अगर कोई ऐसा पीडित आएगा तो उसका फ्री में इलाज भी कराने की हम लोग व्यवस्था बना रहे हैं।*

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अपने सरकारी आवास पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान कांग्रेस और अन्य पार्टियों पर निशाना साधा। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश की आजादी के आंदोलन, संविधान निर्माण और स्वतंत्र भारत में बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर का बड़ा योगदान था। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के सपनों का भारत बनाने के लिए भाजपा ने पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया है। बाइट.....

*एक ओर भारतवासी के मन में बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर के प्रति श्रद्धा और सम्मान का भाव बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर के सपने का भारत बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी सदैव पूरी ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ कार्य की है।*

उधर, बाबा साहेब आंबेडकर मामले को लेकर बसपा अध्यक्ष मायावती के आह्वान पर बसपा कार्यकर्ताओं ने प्रदेश भर में प्रदर्शन किया।

——————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

केन्द्र सरकार ने 15वें वित्त आयोग अनुदान के तहत उत्तर प्रदेश और आंध्र प्रदेश में ग्रामीण विकास के लिए दो हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी की है। पंचायती राज मंत्रालय ने कहा है कि उत्तर प्रदेश के लिए एक हजार 598 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी की गई है। इस राशि का उपयोग पंचायती राज संस्थाओं और ग्रामीण स्थानीय निकायों द्वारा स्थान विशेष की जरूरतों के लिए किया जाएगा। मंत्रालय ने कहा है कि सरकार ग्रामीण स्थानीय शासन के परिदृश्य को बदलने के लिए पंचायती राज संस्थाओं और ग्रामीण स्थानीय निकायों को सीधे अनुदान प्रदान कर रही है।

——————————

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह के जन्म दिवस राष्ट्रीय किसान दिवस के उपलक्ष्य में आज लखनऊ स्थित इंटीग्रल विश्वविद्यालय में फार्मर्स डे का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने भाग लिया। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कृषि के क्षेत्र में विश्वविद्यालय द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। बाइट......

*राष्ट्रीय किसान दिवस के अवसर पर इंटीग्रल यूनिवर्सिटी ने इलाके के लगभग चौदह सौ किसानों को बुलाकर और जो उसमें बहुत अच्छा उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोग हैं उनको सम्मानित किया गया है। बहुत ही बेहतरीन काम जो एग्रीकल्चर इंस्टीट्यूट है इंटीग्रल यूनिवर्सिटी का वो कर रहा है। आज के दिन सभी लोग चौधरी चरण सिंह जी के नाम पर किसानों को कैसे आगे बढ़ना है और देश को और प्रदेश को कैसे आगे बढ़ाना है। इसके बारे में काफी विस्तार से चर्चा हुई और ये एक बहुत ही सराहनीय कार्य है यूनिवर्सिटी का है।*

———————————

महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालु और पर्यटक प्रयागराज के साथ–साथ अयोध्या, वाराणसी, चित्रकूट, मिर्जापुर और लखनऊ में भी बड़ी संख्या में आ सकते है। इसको देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इन स्थानों पर भी मूलभूत सुविधाएं विकसित किए जाने के निर्देश दिए हैं। नगर विकास विभाग के द्वारा इन सभी धार्मिक स्थलों के लिए लगभग 65 करोड़ रुपए की धनराशि प्रस्तावित की गई है।

—————————

मौसम विभाग ने बताया है कि पश्चिमी विक्षोभ के कारण आज प्रदेश की राजधानी लखनऊ और आसपास के जिलों में सुबह से रूक –रूक कर बारिश होने से ठंड बढ़ गई। लखनऊ केंद्र के मौसम वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने बताया कि कल से मौसम खुल जाएगा। बाइट.....

*कल से थोड़ा मौसम खुल जाएगा, अगले दो दिनों के लिए उसके बाद एक नया पश्चिमी विक्षोभ है जो प्रदेश में इससे भी स्ट्रांग है और वो सत्ताईस और अट्ठाईस तारीख को प्रदेश में अच्छी बारिश करने की संभावना है जिसका मेन केंद्र जो पश्चिमी उत्तर प्रदेश से उधर गरज चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश और तथा कुछ जगह अभी स्ट्रांग सिस्टम है तो ओले पड़ने की भी संभावना है।*

मौसम विभाग ने आज रात और 25 व 26 दिसंबर को पश्चिमी उत्तर प्रदेश और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है।

(समाप्त)